जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोप0/2024/727 दिनांकः 10.04.2024

प्रति,

वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष/सहा0 केन्द्राध्यक्ष
जीवाजी विश्वविद्यालय परीक्षायें,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

विषय :– परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि अंचल के सभी जिलों में स्नातक वार्षिक परीक्षा (NEP) चल रही है। परीक्षा केन्द्रों पर टेबिल, कुर्सी, पंखे, बिजली, जनरेटर, स्वच्छ पीने का पानी, प्राकृतिक प्रकाश, वेन्टीलेशन, सी0सी0टी0व्ही0 कैमरे तथा छात्र–छात्राओं हेतु पृथक–पृथक प्रसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

यदि आवश्यकता हो तो टेन्ट, टेबिल, कुर्सी, जनरेटर आदि सुविधाओं को किराये पर लिया जा सकता है तथा किसी भी स्थिति परीक्षायें टाट–पट्टी पर न कराई जावें। उपरोक्त सुविधाओं हेतु प्रति छात्र परीक्षा संचालन शुल्क प्रदान किया जाता है। परीक्षाओं का सुचारू व निर्विघ्न संचालन आपकी जिम्मेदारी है। फ्लाइंग स्कॉट एवं माननीय कुलपति महोदय निरंतर परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण कर रहें हैं, यदि किसी परीक्षा केन्द्र पर अव्यवस्थायें अथवा नकल जैसी स्थिति पाई जाती है तो संबंधित वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष/सहा0 केन्द्राध्यक्ष उत्तरदायी होंगे। किसी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध परीक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी एवं तद्नुसार कार्यवाही हेतु शासन को सूचित किया जावेगा।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य समस्त अग्रणी महाविद्यालय कृपया अपने क्षेत्रान्तर्गत परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा का संचालन सुचारू व निर्विघ्न रूप से कराया जाना सुनिश्चित करें।

उपकुलसचिव(परीक्षा/गोप0)